तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025



11 स्वामी आत्मानंद स्कूल में हर्षोल्लास ...





12 आईएसबीएम विवि के फॉरेंसिक छात्रों को ...






# बदलते मौसम के चलते फसल उत्पादन कम होने से रसेला अंचल के किसान चिंतित

हरभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

इस साल खरीफ सीजन में बार बार मौसम बदलने और कई प्रकार के बिमारियों लगने से उत्पादन पर खासा असर पड़ा है। प्रति एकड़ पांच से छः क्विंटल कम धान उत्पादन होने की शिकायत किसान कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि दिनों दिन कृषि क्षेत्र में धान के उत्पादन में बढ़ती लागत से नुकसान उठाना पड़ रहा है। अंचल के ग्राम मुढीपानी, रूवाड, कुडेरादादर, मेडकीडबरी, कनसिघी,दादरगाव नया, कोठीगाव, पड्रीपानी गोंड, टोनहीडबरी, सेम्हरा, टेगनाबासा, भरुवामुडा, सिवनी, पेन्ड्रा सहित अन्य गांवों में इस साल फैली कई बीमारियों से किसानों की धान फसल को नुक्सान पहुंचा है।

## बदलते मौसम और कीट-बीमारियों से धान फसल पर असर

**खास बातें**

- कई गांवों में प्रति एकड़ पांच से छह क्विंटल उत्पादन घटा
- लाल मकड़ी और बीएलबी जैसी बीमारियों ने फसल को बर्बाद किया



### बदलते मौसम का खामियाजा भुगत रही फसल

धान फसल के तैयार होने के समय हुई बीमारी के कारण नुकसान हुआ है। तनाछेदक, ब्लास्ट, पती मोड़, गगई , चाप, माहू, माइंट के साथ ही लाल मकड़ी कीट से फसल को नुक्सान हुआ। लाल मकड़ी धान की बाली को चूस लेती है, इस कारण से धान तैयार नहीं हो पाया। फसल बचाने के लिए डाली गई कृषि दवाई भी असरदार साबित नहीं हुई। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने बताया कि इस साल भूरा माहो, तनाछेदक का प्रभाव कम दिखा मगर इसकी जगह पेनिकल माईट,जिसे ग्रामीण आम बोलचाल की भाषा में लाल मकड़ी, और बीएलबी बीमारी बैक्टीरिया जनित झुलसा रोग तथा शीत ब्लास्ट की बीमारी के कारण धान के उत्पादन पर असर पड़ा। इस बीमारी में ऊपर से धान की बाली तो भरी हुई रसभरी दिखाई देती थी, लेकिन अंदर से धान की बाली तैयार नहीं हो पाई थी। इस संबंध में शोध किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में धान की बाली में जब रोग लगे, तो किसानों को किसी तरह का नुक़सान नहीं हो।

रसेला के किसान नंदकिशोर यादव, कार्तिक यादव, बिग्रेद्र ठाकुर, वेदव्यास निषाद, देवलाल बारिक, राकेश कोमर्रा, धनीराम यादव,भावसिह मरकाम,जनकराम यादव, संतराम कोमर्रा ने बताया कि इस साल धान के पौधे तैयार होने के दौरान से अंतिम क्षण तक कीट प्रकोप के कारण धान के उत्पादन पर असर पड़ा है। धान की बालियां तैयार होने के दौरान कीट धान का रस चूस लेते हैं, इस कारण खेतों में तैयार हुई धान फसल को नुक्सान पहुंचा है। पिछले साल जहां एक एकड़ में लगभग 40 से 50 बोरा धान उत्पादन हो रहा था, वहीं इस साल उत्पादन घटकर दादर भूमि में 20 से 30 बोरा, और बहारा नार में 30 से 35 बोरी पर सिमट गया है। कनसिघी के किसान ▶▶|शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### रानी लक्ष्मीबाई व बिरसा मुंडाजी पर हुई प्रश्नोत्तरी



**अभनपुर।** स्त्री शक्ति दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभनपुर इकाई द्वारा संपर्क केंद्र हसदा 2 अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई एवं बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रामानंद साहू, मुख्य वक्ता के रूप में जिला संयोजक भावेश नवरंगे, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य आर.के. निषाद उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति, साहस और आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि रामानंद साहू ने रानी लक्ष्मीबाई एवं बिरसा मुंडा के राष्ट्र के प्रति अद्वितीय योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जिज्ञासा, राष्ट्रभावना और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देते हैं। जि संयोजक भावेश नवरंगे ने विद्यार्थी परिषद की गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। नगर मंत्री हिमेश साहू, अनीश सूर्यवंशी, अंजलि जांगड़े, केसर साहू, भूमिका पांडे सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### युवा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास को मिला प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड



**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत बतौर कार्यक्रम अधिकारी, युवा स्वयंसेवकों को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में अधिक उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित करने लिए भारतीय संविधान दिवस के 76वें सालगिरह एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती 25वें वर्ष पर अवार्ड–2025 की मानद उपाधि का राज्य अलंकरण प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड प्रदान किया गया है। ज्ञात हो कि यह अवार्ड स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है और पुरस्कृत करता है।शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं को उनके उत्कृष्ट सामुदायिक सेवा और राष्ट्र निर्मायासों के लिए प्रेरित करने हेतु केंद्रीय कार्यालय राष्ट्रीय समता साहित्य अकादमी यवतमाल (महाराष्ट्र) द्वारा स्थापित एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है। डॉ. देवादास बंजारे वर्तमान में फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में समाजशास्त्र विषय के सहायक प्राध्यापक है, इसके साथ ही संस्था के प्रभारी प्राचार्य के अतिरिक्त प्रभार देख रहे है एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के कार्यक्रम अधिकारी है।

### संविधान दिवस पर देवरी स्कूल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में संविधान दिवस पर संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि संविधान निर्मात्री सभा के सदस्यों द्वारा भीम राव अंबेडकर के मार्गदर्शन में सुवरमाल परिक्षेत्र से जमींदार ठाकुर भानुप्रताप सिंह का भी योगदान संविधान निर्माण में था। वरिष्ठ व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने बताया कि भारत का संविधान विगत 75 वर्षों से आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उसके निर्माण के समय में था। आज देश में कानून का शासन स्थापित है, सिर्फ और सिर्फ संविधान के बदौलत। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया।

## लापरवाही : सड़क दुर्घटना में लगातार लोगों की जा रही जान, तब भी नही बरत रहे सावधानी

# तेज रफ्तार व यातायात नियमों की अवहेलना से बढ़ रहे सड़क हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिने भर के भीतर कोई आधा दर्जन से अधिक लोगो की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से भी सबक नही लिया जा रहा है। अब तक जितनी भी दुर्घटना हुई है इसका प्रमुख कारण तेज रफ्तार में बहुत ही लापरवाही के साथ वाहन का ड्रायविंग एवं नशा में होना पाया गया है। सड़क पे देखो तो हर किसी को हड़बड़ी में गाड़ी चलाते देखा जाता है। इस दौरान वे यह नही सोचते कि शहर के बीच से चलते वक्त अपनी रफ्तार धीरे कर लें। चौक-चौराहो से लेकर टर्निंग प्वाइंट एवं कै चीफांस तथा मोड़ वाले तिगड्डे में भी रेस में चलते है।

- महिने भर के भीतर आधा दर्जन से ज्यादा लोगो की जान चली गई

ज्यादातर दुर्घटनाओं में बाइक सवार की ही मौत होने की खबर सामने आ रही है। कहीं आपस में टकरा रहे है तो कही ट्रेक्टर या बड़ी वाहनो में जाकर घुस रहे है। अब तक हुई दुर्घटनाओं में मौत के आकड़े सबके लिए चिंता जनक है। किसी के बेटे की जान जा रही है तो किसी सुहागिन महिला का सिंदुर उजड़ रहा है। बावजूद लोग रफ्तार में क्यो चल रहे है यह समझ से परे है। गाड़ी चलाते वक्त हर चालक को धैर्य और सहनशील होना अब आवश्यक हो गया है। गर ये दोनो चीजें नही है तो यह मानकर चले कि कही भी, कभी भी दुर्घटना अवश्यसंभावी है। यदि 5-10 मिनट का विलंब कही जाने में हो जाता है तो कौन सा गाज गिर जाएगा। लोग ऐसे रफ्तार में चलते है जैसा कि उनका प्लेन अथवा रेलगाड़ी छुट जाएगी। जरा भी धीरज नही रखते और दुर्घटना हो जाती है। अभी हाल ही की बात है नवापारा की सड़क में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन रोड डिवाइडर से टकराकर चारोखाने चीत हो गई। इस वाहन को चलाने वाला नशे में झूम रहा था। गाड़ी में चार लोग बैठे थे। सौभाग्य रहा किसी को कोई खरोंच तक नही आई। सप्ताह भर के भीतर राजिम पुल में हुई हादसे से लोगो का दिल दहल गया। बाइक सवार दो लोगो में एक की मौत हो गई जबकि दूसरा अस्पताल में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। कायदे से देखा जाए तो दिन ब दिन चार पहिया,दो पहिया वाहनो की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। एक तरफ जहां नशे में होकर गाड़ी चलाते है तो दूसरी ओर नौसीखिए भी स्टेयरिंग पकड़ लेते है। टिड्डु और मरियल किस्म के कम उम्र के लड़के दैत्याकार जैसे बड़े हाइवा और ट्रको को चलाते है। इन्हें देखकर ही डर लगता है कि कब किसको ठोक दे। यही हाल गांव देहात से आने वाले ट्रेक्टर ड्रायवरो का रहता है जो शहर के बीच से भी स्पीड में निकलते है। ब्रेकरो में भी गति कम नही करते जबकि ट्रेक्टर का ब्रेक आसानी से नही लगता। दुर्घटना किए और फरार हो जाना तो मामुली बात है।

### हाल में हुआ हादसा

अभी हाल ही में छांटा मार्ग पर एक बाइक सवार सड़क पे गिर पड़े पीछे से आने वाला ट्रेक्टर रौंदते हुए निकल गया क्योंकि स्पॉट में उनका ब्रेक नही लगा। उस ट्रेक्टर का पता भी नही चला और ईधर गिरने वाले की जान चली गई। इस तरह से रोज-रोज हो रही दुर्घटनाओं से शहर की सड़क खून से लाल हो रही है और इसके जिम्मेदार कोई और नही खुद लापरवाही से तेज चलाने वाले और नशे में रहने वाले चालक स्वयं है।



# धान खरीदी केंद्रों से अचानक हटाए गए ऑपरेटर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद जिले के 90 धान उपार्जन केंद्रों में कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल के बाद प्रशासन ने आपातकालीन व्यवस्था के तहत बेरोजगार युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी थी। 15 नवंबर से 25 नवंबर तक इन युवाओं ने भविष्य निर्माण के सपने के साथ खरीदी कार्य शुरू किया। जैसे ही पुराने ऑपरेटरों की हड़ताल खत्म हुई, नव–नियुक्त ऑपरेटरों को अचानक कार्यमुक्त कर दिया गया। इससे नाराज सैकड़ों युवा बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और अपनी व्यथा सुनाई।

- युवाओं को कार्यमुक्त करने पर नाराजगी
- बेरोजगार युवाओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जताई व्यथा

### कार्रवाई से युवाओं में नाराजगी

प्रशासन की इस कार्यवाही से युवाओं में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि प्रशासन ने उनका भविष्य दांव पर लगा दिया और विश्वास दिलाने के बावजूद काम से हटा दिया। युवाओं ने मांग की है कि खरीदी अवधि तक उन्हें पुनः नियुक्त कर उनका रोजगार सुरक्षित किया जाए।

युवाओं ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में काम का पूरा दबाव उन पर था और वे लगन से खरीदी प्रक्रिया को संभाल रहे थे, लेकिन हड़ताल समाप्त होते ही उन्हें बाहर कर दिया गया। इससे वे एक बार फिर बेरोजगारी ▶▶|शेष पेज 11 पर

# संविधान दिवस पर डॉ भीमराव आंबेडकर को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र मे आज संविधान दिवस के अवसर पर जगह जगह शपथ लिया गया वहीं मैनपुर अंबेडकर चौक मे भारत रत्न बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हे सादर नमन किया इस दौरान नगर व मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित थे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा हमारा संविधान देश की एकता अखंडता और लोकतांत्रिक मुल्यों का मूल आधार है डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर हमें जीने का और अपने अधिकारो का रक्षा करने का अधिकार दिया देश का संविधान पर पूरे देशवासियों को गर्व है इस मौके पर प्रमुख रूप से महेश बाम्बोड़े, गौरव बाम्बोड़े, अमित रामटेके, शाहिद मेमन, वेदांत बाम्बोड़े एवं बड़ी संख्या मे नगरवासी उपस्थित थे।



# 17 दिनों में 470 क्विंटल अवैध धान और 19 वाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद पुलिस ने धान के अवैध परिवहन और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। बीते 17 दिनों में पुलिस ने 19 चारपहिया वाहनों में भरे 1,175 कट्टा 470 क्विंटल अवैध धान को जप्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 14 लाख 57 हजार रुपये आंकी गई है।

- अवैध धान परिवहन पर गरियाबंद पुलिस का बड़ा एक्शन
- देवभोग में तीन बोलेरो पिकअप के साथ 164 कट्टा धान बरामद

26 नवंबर की सुबह मुखबिर से मिली सूचना पर थाना देवभोग पुलिस ने चेक पोस्ट पर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने उड़ीसा से चोरी–छिपे बिक्री के लिए लाया जा रहा 164 कट्टा 65.6 क्विंटल जिसकी कीमत 2 लाख 33 हजार रुपए, धान सहित तीन बोलेरो पिकअप वाहनों को जप्त किया। जप्त वाहन में बोलेरो पिकअप नं. ओडी 08 एए 5325 बोलेरो ▶▶|शेष पेज 11 पर



# कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के छत्तीसगढ़ मे दो दिवसीय प्रवास के दौरान धमतरी में आयोजित संविधान बचाओ दिवस कार्यक्रम तथा कांकेर में जिला स्तरीय कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक में सम्मिलित होने के दौरान सिंग्नल चौक अभनपुर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर व नयापारा के कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे,फूल मालाओ व जयघोषो के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रवास में श्री पायलट के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सचिन पायलट ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया।

- पायलट, दीपक बैज, भूपेश बघेल, चरणदास महंत और धनेन्द्र साहू रहे शामिल



इस मौकेपर प्रमुख रूप से पीसीसी सचिव प्रवीण साहू,अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विद्याभूषण सोनवानी, सौरभ शर्मा, गिरधारी साहू, जिपं. सदस्य यशवंत साहू,लोकमनी कोशले, पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, चंद्रहास साहू, विमल साहू,डॉमन साहू, डोमेंद्र साहू, बीरेंद्र सिन्हा, बीरबल टंडन, नीलकमल गिलहरे, योगेश राठी तथा महिला कांग्रेस की श्रीमती नीमा निंबेकर, श्रीमती संध्या राव, श्रीमती अन्नपूर्णा साहू, श्रीमती किरण साहू ,उपजीत सचदेवा, शशिप्रकाश साहू,जीत ▶▶|शेष पेज 11 पर

## 45 साल बाद हायर सेकण्डरी स्कूल को मिलेगा नया भवन

# शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने की हायर सेकंडरी स्कूल भवन निर्माण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली बार मैनपुर पहुंचे छत्तीसगढ सरकार के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्वयं स्कूली छात्र छात्रओं से मुलाकात उनसे उनकी समस्याओं को जाना इस दौरान छात्र छात्रओं द्वारा बताया गया कि मैनपुर मे वर्शा पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रारंभ किया गया है लेकिन आज तक भवन का निर्माण नही करने के कारण छात्र छात्रओं को पढाई करने मे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बारिश के दिनों मे जर्जर भवन से पानी कमरो के भीतर झरने की तरह गिरता है। बच्चों की बात सुनकर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने मौके से ही अपने विभाग के उच्च अफसरो को फोन कर मैनपुर में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश देते हुए मैनपुर में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन के लिए करोड़ो रूपए राशि देने की घोशणा किया है जिससे पूरे छात्र छात्रओं के साथ क्षेत्र के लोगो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है क्योंकि विष्णुदेव सरकार मे पहली बार शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव का मैनपुर आगमन हुआ और इस क्षेत्र की बहुत पुरानी मांग हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण के लिए घोशणा किये जाने से क्षेत्र के लोगो ने मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है और इसका जनता के बीच व्यापक प्रतिक्रियाएं देखने को मिली। आज स्कूल पालक संघ द्वारा बैठक आयोजित कर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव का आभार प्रदर्शन ▶▶|शेष पेज 11 पर

- शिक्षा मंत्री की घोषणा के बाद क्षेत्र के लोगों में उत्साह

### मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रति जताया आभार



शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेश शर्मा, मैनपुर सरपंच हनीता नायक, हरदीभाठा सरपंच मालती कोर्राम, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य रामकृष्ण ध्रुव, गेंदू यादव, गजेन्द्र यादव एवं क्षेत्र के लोगो ने शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा मंत्री गजेन्द्र यादव ने छात्र छात्रओं की समस्या को देखते हुए स्वयं मैनपुर में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण की घोशणा किया है जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात है क्षेत्र के लोग लंबे समय से स्कूल भवन निर्माण के लिए संघर्श कर रहे थे।

### जर्जर भवन में वर्षो से संचालित हो रहा है हाई स्कूल

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर में सन 1980 आज सें 45 वर्ष पहले हायर सेकेंडरी स्कूल शासन प्रशासन द्वारा खोला गया है लेकिन आज तक हायर सेकेंडरी स्कूल का भवन निर्माण नहीं किया गया है विद्यालय में लगभग 600 छात्र–छात्राएं अध्यनरत है और 08 व्याख्याताओं के पद रिक्त पड़े हुए हैं महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं होने के कारण छात्र–छात्रओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी शिक्षा विभाग को ना हो समय–समय पर क्षेत्रवासियों द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा अधिकारियों से शिक्षक की कमी को दूर करने मांग किया जाता है लेकिन अब तक आश्वासन ही मिला है। सन 1980 में इस विद्यालय को प्रारंभ किया गया है, लेकिन मजेदार बात यह है कि पिछले 45 वर्षों में हायर सेकेण्डरी स्कूल का भवन निर्माण ही नही किया जा सका है,और हायर सेकेण्डरी स्कूल , हाई स्कूल के जर्जर भवन में वर्षो से संचालित हो रही है, इस विद्यालय का काफी गौरवशाली इतिहास रहा है, इस विद्यालय में ▶▶|शेष पेज 11 पर

# जिलेभर के सरपंच 3 सूत्रीय मांगों को लेकर कल करेंगे धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला सरपंच संघ के नेतृत्व में गरियाबंद जिले के सभी सरपंच 28 नवंबर को जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन करेंगे। सरपंच संघ ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर, एसडीएम तथा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप दिया है।

- 15वें वित्त आयोग की राशि व ग्रामीण विकास कार्यों में ठोस पहल की मांग

धरना कार्यक्रम का नेतृत्व कोमल देव ध्रुव (अध्यक्ष, गरियाबंद), पन्नालाल ध्रुव (अध्यक्ष, छुरा), पवन यादव (अध्यक्ष, देवभोग), हलमन धुर्वा (अध्यक्ष, मैनपुर) तथा हरीश साहू (अध्यक्ष, फिंगेश्वर) करेंगे। जिले के सभी सरपंच ▶▶|शेष पेज 11 पर

**खबर संक्षेप**



## चिरको में मनाया गया मितानिन दिवस

**झलप।** ग्राम पंचायत चिरको में मितानिन दिवस पर मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा दीवान, जनपद सदस्य रोशन पटेल, सरपंच खेमराज भट्ट, उपसरपंच दुष्यंत ध्रुव, ग्राम पंचायत सचिव चिंतामणि साहू, हेमलता साहू, हेमलता मोरे, संजू कुर्रे, गोमती ध्रुव, ललिता ध्रुव, पूर्णिमा सेन, देवमती यादव, घनश्याम यादव, बुद्धेश्वर पटेल, महिला स्व सहायता समूह की खेमिन साहू, हेमपुष्पा आदि मौजूद रहे।



## सीसी रोड निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** ग्राम सोरिद में बुधवार को सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के युवा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में विधि विधान से हुआ। इसमें वार्ड क्रमांक 05 एवं 06 में 3.75 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 07 में 2.50 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 08 में 2.50 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 09 कमारडेरा में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड का निर्माण प्रस्तावित है।

# कोमाखान तहसीलदार की लापरवाही से हजारों किसानों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

कोमाखान तहसीलदार की लापरवाही से

- धान खरीदी के लिए पंजीयन नहीं होने पर भड़के किसान
- सूचना पाकर मौके पर पहुंचे खल्लारी विधायक, अफसरों से की चर्चा

हजारों किसानों का पंजीयन नहीं हो सका है। लगातार दफ्तरों का चक्कर काटते किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और भड़क उठे। सूचना पर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनीं और उचित कार्रवाई के लिए अधिकारियों से चर्चा की।

मिली जानकारी के अनुसार कोमाखान तहसील के अंतर्गत हजारों किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। पिछले पखवाड़ेभर से इसके लिए किसान चक्कर लगा रहे हैं। सोमवार को किसानों कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनका गुस्सा फूट पड़ा और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। सूचना पाकर तत्काल खल्लारी विधायक यादव तहसील कार्यालय पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनी। विधायक यादव को आक्रोशित किसानों ने बताया कि यहां पदस्थ तहसीलदार पिछले 15 दिनों से किसानी संबंधी कोई काम नहीं किए हैं।

### छग सरकार की नीयत किसानों के धान खरीदी की नहीं: यादव



विधायक यादव ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सरकार की नीयत किसानों की धान खरीदी की नहीं है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर से धान खरीदी का निर्णय होने के बाद भी अभी भी अव्यवस्था बनी हुई है। लापरवाही का असर किसानों पर पड़ रहा है। नतीजतन किसानों का गुस्सा फूट पड़ रहा है। पंजीयन नहीं होने की स्थिति कोमाखान तहसील के साथ ही बागबाहरा और पिथौरा तहसील की भी है। विधायक यादव ने सरकार जानबूझकर ऐसे साफ्टवेयर तैयार की है, जिससे किसानों को परेशानी हो। उन्होंने कहा कि गिरदावरी के समय भी भारी त्रुटियां है जिसे सुधरवाने किसान परेशान हो रहे हैं। इससे सरकार की नीयत का पता चलता है।

किसान कभी पटवारी तो कभी तहसीलदार का चक्कर लगा रहे हैं। एक किसान ऐसा भी है जिसका 22 हेक्टेयर में से मात्र तीन हेक्टेयर का पंजीयन हो सका है। पंजीयन नहीं होने के लिए तहसीलदार जिम्मेदार हैं। विधायक यादव ने मौके पर मौजूद तहसीलदार से चर्चा कर किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की बात कही। जिस पर तहसीलदार ने आश्वस्त किया कि 25 नवंबर तक पंजीयन का काम पूरा कर लिया जाएगा।

### नमी मापक मशीन से लूटे जा रहे किसान

विधायक यादव को किसानों ने बताया कि नमी मापक मशीन से उन्हें लूटा जा रहा है। किसानों ने बताया कि नमी मापने की मशीनें हैं, सभी में अलग-अलग नमी की मात्रा आ रही है। पुराने धान में भी नमी बताई जा रही है। नमी के नाम पर किसानों से लूट की जा रही है। जिस पर विधायक यादव ने अधिकारियों से चर्चा कर उचित कार्रवाई करने की बात कही।

### कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कलेक्टर को पत्र लिखकर लापरवाही बरतने वाले तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने किसानों के हवाले से बताया कि तहसीलदार की लापरवाही से किसानों का पंजीयन नहीं हो सका है। ऐनवक्त पर तहसीलदार अवकाश पर चले गए। विधायक यादव ने कोमाखान में जितने भी आवेदन मिले उनकी नियत तिथि के बाद भी कार्रवाई नहीं होने की जांच कराकर कार्रवाई की जाए।

**गड़बड़ी:** सीईओ ने दिए कोर कटिंग परीक्षण और मूल्यांकन के बाद भुगतान के निर्देश

# सीसी रोड निर्माण में अनियमितता: 7 इंच की जगह सिर्फ 4 इंच मोटाई में ढलाई का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

जनपद पंचायत पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत भुरकोनी के बाजार पारा में निर्माणाधीन सीसी रोड को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। लगभग 10 लाख रुपए की लागत से डीएमएफ फंड के माध्यम से स्वीकृत इस सड़क का निर्माण इस्टीमेट के विपरीत किए जाने की बात सामने आई है।

गौरतलब है कि स्वीकृत मानक के मुताबिक सड़क की मोटाई 7 इंच, लंबाई 309 मीटर और चौड़ाई 13 फीट 3 इंच निर्धारित है। लेकिन, मौके पर न तो मोटाई मानक के अनुरूप पाई गई और न ही चौड़ाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मात्र 4 इंच मोटाई में ढलाई कर कार्य किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू होने से पहले उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई और न ही पंचायत स्तर पर कोई बैठक आयोजित की गई। बिना किसी निगरानी और तकनीकी निरीक्षण के किए जा रहे इस निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार और लापरवाही का उदाहरण बताया है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में मानक से छेड़छाड़ करना जनता के पैसों की खुली बर्बादी है, जिसका खामियाजा आने वाले वर्षों में उन्हें भुगतना पड़ेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों में भी लगातार अनियमितताएं हो रही हैं। यदि प्रशासन समय रहते सख्त कदम नहीं उठाता, तो गैर-मानक निर्माण कार्यों का सिलसिला जारी रहने की आशंका है। ग्रामीणों ने कलेक्टर तथा जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि सीसी रोड निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कर दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी ठेकेदार नियमों से खिलवाड़ न कर सके।



**खास बातें**

- मौके पर सड़क की मोटाई और चौड़ाई अलग-अलग पाई गई है, मोटाई 4 इंच से 7 इंच तक है। वीडियोग्राफी भी हुई है। कोर कटिंग जांच के बाद ही मूल्यांकन कर भुगतान करने के निर्देश दिया हूँ।
- रोहिदास पारेश्वर, मुख्यकार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पिथौरा

**शिकायत निराधार**

साढ़े 6 इंच तक मोटाई है, शिकायत निराधार है। मीडिया में अनावश्यक रूप से उछाला जा रहा है।
**- सरिता दीवान,** सरपंच ग्राम पंचायत भुरकोनी

# भंवरपुर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सरायपाली विधायक चातुरी नंद के

- सरायपाली विधायक चातुरी नंद की विशेष पहल पर वृद्धजन कल्याण एवं समाज सेवा संस्था द्वारा आयोजित की जा रही शिविर

विशेष प्रयासों एवं मार्गदर्शन में नवा बिहान वृद्धजन कल्याण एवं समाज सेवा संस्था के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन 27 नवंबर 2025 गुरुवार को सुबह 10 बजे से पंचायत भवन भंवरपुर में किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद बुजुर्गों, कमजोर दृष्टि वाले व्यक्तियों तथा आर्थिक रूप से वंचित नागरिकों को नेत्र उपचार एवं चश्मा वितरण की निःशुल्क सुविधा प्रदान करना है।



विधायक चातुरी नंद ने इस आयोजन को सेवा और संवेदनशीलता का अभियान बताते हुए कहा कि हमर बुजुर्ग-हमर अभिमान। बुजुर्गों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी सेवा है। क्षेत्र के किसी भी वरिष्ठजन को आंखों की समस्या से जूझना न पड़े, यही इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य है।



### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया संविधान दिवस

**सरायपाली।** स्व मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संविधान दिवस मनाया गया। जहां खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुणाल नायक द्वारा सीएचसी स्टाफ को संविधान दिवस का शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि भारत एक प्रजातांत्रिक देश है और यहां का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है, जिसे संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 ई को एतद द्वारा अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मर्पित किया गया था। 26 नवंबर 1950 को संविधान को भारत में लागू किया गया था। खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे ने बताया कि भारत में जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा चुनी गई सरकार द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर शासन चलाया जाता है। डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान का निर्माण किया गया है, जिसे बनाने में 2 साल 11 माह 18 दिन लगा था। हमें अपने संविधान में निहित सभी अधिनियम, मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्य का पालन करना चाहिए, जिससे राष्ट्र की एकता और अखंडता बनी रहे।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 20 तक नामांकन

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025 के राज्य वीरता पुरस्कार के लिए साहसी बालक-बालिकाओं से नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार उन बच्चों को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने किसी विशेष घटना में अदम्य साहस, शौर्य और बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए किसी व्यक्ति की जीवन रक्षा की हो या उसकी शारीरिक क्षति से बचाने के उद्देश्य से निःस्वार्थ कार्य किया हो। ऐसे कार्य अन्य बच्चों के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायी होने चाहिए।

# डोंगरीपाली में 1.39 करोड़ का घोटाला उजागर

## सचिव निलंबित पूर्व सरपंच पर धारा 92 के तहत वसूली प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरीपाली में पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा के कार्यकाल में हुए 1, 39, 26, 093 रुपए के वित्तीय अनियमितता मामले में जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव हजारी लाल कैवर्त को निलंबित कर दिया है। साथ ही पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा एवं सचिव से छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत वसूली के लिए प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पिथौरा को भेजा गया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत डोंगरीपाली के शिकायतकर्ता एमडी सागर द्वारा की गई शिकायत पर 3 बिंदुओं पर भौतिक सत्यापन कराया गया था। जांच टीम ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक के अभिलेखों की जांच की। जिसमें भारी गड़बड़ी पाई गई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार बिना किसी प्रमाणक के करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया था।



ग्रामीण गंगाधर बरिहा, मुनुदाऊ सागर, खिरोद पटेल, अमितेष बरिहा, सीताराम साहू, सोनाराम पटेल, प्रदीप यदु, भुवनेश्वर मालिक ने बताया कि जिस साहू इंटरप्राइजेस नामक फर्म को भुगतान किया गया, वह पूरी तरह फर्जी फर्म है। यह फर्म कहीं भी संचालित नहीं होती। साथ ही इसका जीएसटी नंबर भी ब्लैकलिस्टेड पाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर कोई कार्य भी नहीं किया गया, फिर भी करोड़ों रुपये निकाल लिए गए। जांच के बाद भी सचिव हजारी लाल कैवर्त से जिला पंचायत द्वारा बार-बार प्रमाणक प्रस्तुत करने को कहा गया, परंतु उन्होंने कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। इसके बाद जिला पंचायत सीईओ ने सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

शिकायतकर्ता एमडी सागर ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद भी प्रशासन दोषियों पर कार्रवाई नहीं कर रहा था, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा था। ग्रामीणों ने 25 नवंबर को सीएम हाउस रायपुर घेराव की चेतावनी भी दी थी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने घेराव कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

**वित्तीय अनियमितता**

वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत प्रकरण दर्ज करने के लिए एसडीएम पिथौरा को सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ पत्र प्रेषित किया गया है।
**- रोहिदास पारेश्वर,** सीईओ जनपद पंचायत पिथौरा

# जनगणना का पूर्व परीक्षण, हुआ मकान सूचीकरण

**महासमुंद।** भारत की जनगणना 2027 के पूर्व परीक्षण का कार्य समापन पर है। इस कार्य का मैदानी स्तर पर अवलोकन कर आने वाली कठिनाईयों का चिन्हांकन एवं उनका निराकरण तथा सुपरवाइजरों व प्रगणकों से फीडबैक प्राप्त करने के लिए भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त गृह मंत्रालय भारत सरकार के कार्यालय से उपनिदेशक पंकज श्रीवास्तव अपनी टेक्निकल टीम के साथ झलप पहुंचे। उनकी उपास्थिति में कुछ घरों में मोबाइल एप द्वारा मकान सूचीकरण का कार्य किया गया। सुपरवाइजरों व प्रगणकों से आने वाली कठिनाइयों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि पूर्व परीक्षण का कार्य के लिए जिले के महासमुंद तहसील के 24 गांवों का चयन किया गया है। महासमुंद तहसील के तहसीलदार जुगल किशोर पटेल को चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। चयनित गांवों में इस कार्य के लिए 39 ब्लॉक बनाए गए हैं। जिसके लिए कुल 07 पर्यवेक्षक व 39 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। जिसमें 01 पर्यवेक्षक व 04 प्रगणक आरक्षित रखे गए हैं। 10 नवंबर से आरंभ किये गए मकान सूचीकरण के इस कार्य का समापन 30 नवंबर को होना है। परंतु, अधिकांश गणना ब्लॉक में यह कार्य पूर्ण हो चुका है। जनगणना 2027, जनगणना के इतिहास में पहली डिजिटल जनगणना होगी, जो एंड्रायड के 11 और आईओएस 14 या उससे अधिक के स्मार्टफोन के अनुकूल होगा तथा कम से कम 6 जीबी रैम की आवश्यकता होगी। जिसमें दो मोबाईल एप का उपयोग किया जाएगा। मुख्य जनगणना कार्य के प्रथम चरण के अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का पूर्व परीक्षण चयनित गांवों में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पर्यवेक्षकों द्वारा डीएलएम एप के माध्यम से गणना ब्लॉकों का डिजिटल ले आउट मेपिंग करके प्रगणकों द्वारा प्रत्येक भवनों, जनगणना मकानों तथा परिवारों की पहचान करते हुए जियो- टैग किया गया। उसके बाद एचएलओ एप के माध्यम से मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य का अवलोकन व निगरानी राज्य जनगणना निदेशालय से ज्वाईन डायरेक्टर अशोक मिश्रा, संतोष मेंढे द्वारा किया जा रहा है तथा डिप्टी कलेक्टर व जिला जनगणना अधिकारी मनोज खांडे, अतिरिक्त तहसीलदार नीरज कुमार, मैदानी स्तर पर प्रगणकों व पर्यवेक्षकों से नियमित संपर्क कर कार्य की जानकारी लेते हुए उन्हें सहयोग कर रहे हैं।

# संविधान दिवस पर साइबर सुरक्षा जागरुकता पर अधारित कार्यशाला का आयोजन

## संविधान के उद्देशिका का किया गया सामूहिक वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष दिवस पर किए जाने वाले कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर संविधान दिवस पर 26 नवंबर को जिला न्यायालय के सभाकक्ष विधिक जागरुकता पर आधारित साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में गुप्तेश आचार्य ने साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों और डिजिटल सुरक्षा के उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक डिजिटल युग में फिशिंग, धोखाधड़ी, फ्रॉड, सोशल मीडिया खाते हैक होना, बैंकिंग जानकारी की चोरी, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग जैसे साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे बचने के लिए जागरुकता ही सर्वोत्तम रक्षा है। अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें। ओटीपी एवं पिन या पासवर्ड और बैंक विवरण किसी के



साथ साझा न करें। केवल सत्यापित और आधिकारिक ऐप एवं वेबसाइट का प्रयोग करें। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करें। इस प्रकार भारतीय स्टेट बैंक महासमुंद ब्रॉच के हेड मैनेजर प्रवीण जैन द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के लिए अपनाए जा रहे उपायों तथा ग्राहकों को सुरक्षित लेन-देन के लिए जागरूक करने के बैंक के प्रयासों के बारे में बताया गया। मंच संचालन लीगल एड डिफेंस कौसिल सिस्टम के डिप्टी सलीम कुरैशी ने किया।

प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा अपने उद्बोधन में संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए संविधान की महत्ता को बताते हुए कहा कि 26 नवंबर 1949 का दिन बेहद यादगार और ऐतिहासिक था। यह वह दिन था जब भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था और भारत ने संविधान को अपनाया था। यह देश का सर्वोच्च कानून है, जो एक लोकतांत्रिक ढ़ांचा स्थापित करता है। नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान करता है और सरकार के अंगों के बीच शक्तियों का संतुलन सुनिश्चित करता है तथा सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है एवं राष्ट्रीय एकता बनाए रखता है। नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा, समाज में न्याय, स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) मोनिका जायसवाल, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा, लीगल एड डिफेंस कौसिल सिस्टम के चीफ अरूण पटेल सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण, एलएडीसीएस के अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण एवं विभिन्न आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

# डॉ अंबेडकर भारत के संविधान के जनक : प्राची

## महाविद्यालय में संविधान दिवस का हुआ आयोजन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान परिषद तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस पर आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्राची गुप्ता विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, अध्यक्षता यूके बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. झरना साव एवं नरेश कुमार जगत मंचासीन थे।

सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उद्बोधन की कड़ी में यूके बरिहा ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। किसी भी देश की शासन व्यवस्था एवं नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए संविधान का होना आवश्यक है,जिससे व्यक्ति के मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य का पालन करने पर जोर दिया जाता है। भारतीय संविधान के निर्माण में जनजाति समुदाय का भी बहुत बड़ा योगदान था। उन्होंने अपनी समाज की मांगों और आवश्यकताओं को संविधान सभा में प्रमुखता से रखें और उनके हित के लिए कई प्रकार का प्रावधान किया गया। डॉ झरना साव ने भारतीय संविधान के ऐतिहासिक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित और निर्मित संविधान है, उसके प्रत्येक अनुच्छेद में व्यापक चर्चा होने के बाद ही उसको संविधान में शामिल किया गया है। भारतीय संविधान की सबसे अच्छी विशेषता है कि संविधान वाद को भी जोड़ा गया है। सरकार एवं प्रत्येक व्यक्ति मर्यादित आचरण का पालन करते हुए संविधान के प्रत्येक अधिकारों का प्रयोग करें। कोई भी सरकार संविधान के अनुच्छेदों का दुरुपयोग ना कर सके, इसीलिए संविधान वाद के आधार पर कार्य किया जाता है। अतिथि व्याख्याता नरेश कुमार जगत ने संविधान के प्रारंभिक स्त्रोत से लेकर वर्तमान में संविधान संशोधनों को क्रमबद्ध तरीके से बताया तथा संविधान उस देश की आत्मा होती है, जिसके प्रस्तावना में सारे लक्षणों को निर्धारित कर लिया जाता है। हमारा भारतीय संविधान इस स्वरूप में अपने महान आदर्श एवं सिद्धांतों के प्रति कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नेहरू रिपोर्ट में पूर्ण स्वाधीनता की मांग की गई थी, इसे अंग्रेजों ने पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया था। मुख्य अतिथि प्राची गुप्ता ने कहा कि संविधान के उद्देश्य में सरकार और व्यक्ति के मान और गरिमा को महत्व दिया गया है। डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ था, जिनके साथ कई प्रकार के भेदभाव किए जाते थे। उन्होंने उन परिस्थिति से लड़कर सामाजिक और आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। आज प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता समानता बंधुता और सामाजिक न्याय की भावना बलवती होती है। डॉ अंबेडकर के दूरदर्शिता के कारण भारत का संविधान अपने महानतम उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। सारी समस्याएं एवं व्यक्ति के अधिकारों का समाधान संविधान में निहित है। संविधान के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति की गरिमा और पद प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए महिलाओं के साथ पुरुषों को भी बराबरी का दर्जा दिया गया है। डॉक्टर अंबेडकर भारत के संविधान के जनक है, जिनकी ख्याति विश्व के अनेक देशों में फैली हुई है और अपनी काबिलियत और योग्यता के बल पर महान संविधान की रचना की। निश्चित रूप से संविधान में देश की एकता को बनाए रखने में बहुत बड़ा योगदान है।

**खबर संक्षेप**

## खरोरा में मनाया गया संविधान दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्या मंदिर में संविधान दिवस मनाया गया। हर साल 26 नवंबर को भारत देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। यह दिन इसलिए खास है, क्योंकि 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। संविधान दिवस को लागू किया था। भारत सरकार ने नागरिकों में संविधान के महत्व और मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। इसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने आधिकारिक रूप से घोषित किया इस दौरान उपस्थित ज्ञान गंगा विघामदिर के शिक्षक नीलम कोसरे, लता चंद्राकर, झरना पटेल, मनीषा चंद्राकर, हिना चंद्राकर, रूखमणी सारथी, ललिता धीवर आद मौजूद रहे।

## संविधान दिवस पर बच्चों को दिलाई शपथ

**अरंड (पिथौरा)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोंगरगांव में संविधान दिवस पर सभी बच्चों को संविधान के उद्देशिका का वाचन करवाया गया और शपथ दिलाई गई। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक कौतुक पटेल ने अपने जन्म दिन पर विद्यालय के सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री कॉपी पेन प्रदान किया व न्योता भोज भी कराया। इस अवसर पर प्रधान पाठक ऋतुराज देवांगन, भारती देव ठाकुर, संजय खांडे, मुन्ना साहू आदि उपस्थित थे।

## चिरको कॉलेज में संविधान दिवस पर हुई क्विज प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में प्राचार्य एचएल दीवान के मार्गदर्शन में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया। अतिथि स्वागत के पश्चात क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में टेकलाल,चमनलाल, डोलेश, दामिनी, टेमिन, नूतन जितेश्वरी, अंजलि, मालती, सविता इत्यादि छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्रा सरस्वती पटेल बीए तृतीय वर्ष ने संविधान दिवस पर अपना विचार व्यक्त किया। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा ने भारतीय संविधान का गठन, आवश्यकता, विभिन्न प्रावधानों, मौलिक अधिकार के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान किया। सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव ने संविधान के भाग, अनुसूची, मूल कर्तव्य के बारे में विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में एमएस वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। कार्यक्रम का संचालन एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर ने किया।

## जिला पंचायत सभाकक्ष में हुआ आयोजन

**महासमुंद।** जिला पंचायत के सभा कक्ष में संविधान दिवस समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य जगमोती भोई, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भारत माता के छायाचित्र में माल्यार्पण और पूजन कर किया गया।

### मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा कंवर सहित न्यायाधीशों ने किया मार्गदर्शन

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में आज 75वां संविधान दिवस बड़े ही गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीमा कंवर (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरियाबंद), बी.आर. साहू (जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गरियाबंद) तथा यशवंत वासनीकर (जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक, गरियाबंद) रहे।

■ छात्रों ने ली अधिकारों-कर्तव्यों के पालन की शपथ

कार्यक्रम की शुरुआत भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया तथा यह संकल्प लिया गया कि सभी अपने मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के पालन हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। मुख्य अतिथि सीमा कंवर ने अपने उद्बोधन में संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों और मूल कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी।



### हर नागरिक को होनी चाहिए संविधान की जानकारीः वासनीकर

इसके बाद बीआर साहू ने कहा कि संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को शिक्षा का अधिकार प्रदान किया है, जबकि संविधान बनने से पहले समाज के कुछ वर्गों को शिक्षा और अन्य अधिकारों से वंचित रखा जाता था। इसी क्रम में यशवंत वासनीकर ने विद्यार्थियों से अपील की कि संविधान की जानकारी हर नागरिक को होनी चाहिए, जिससे कोई भी व्यक्ति उनके अधिकारों और कर्तव्यों का हनन न कर सके। नरगिस कुरैशी (मिडिल एचएम) ने संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व को छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा। कार्यक्रम में छात्रों ने पोस्टर, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और संविधान पर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संस्था प्रमुख प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध ने संविधान में उल्लेखित अनुच्छेदों, मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध, नरगिस कुरैशी, सुजाता राणा, महिमा तिर्की, किरण नंद, वागेश्वरी कुंजाम, डागेश्वरी साहू, सिम्मी विल्सन, धर्मेंद्र मार्टल, रोशनी साहू, पुष्पा साहू, पुरुषोत्तम साहू, त्रिलोचना साहू, योगेश्वरी रात्रे, केवरा ध्रुव, योगिता सेन, लोकेश साहू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वामी आत्मांनद स्कूल में लगा बाल मेला भारी भीड़ में भी बच्चों में दिखा उत्साह



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नाउमुड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मिडियम स्कूल मे आज बुधवार को छात्र छात्रओं द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया इस दौरान स्कूल के छात्र छात्रओं द्वारा अनेक व्यंजनो के स्टॉल लगाये गये जिसमें बच्चों के पालक नगरवासी एवं बच्चो ने जमकर खरीददारी बिक्री किया और व्यापार व्यवसाय के संबंध मे बच्चो ने जाना इस दौरान बच्चो के द्वारा अनेक प्रकार जैसे बड़ा, भजिया, समोसा, केक, चाउमिन, मंचुरियन, भेल, गुपचुप, चाट, अरसा, व अनेक प्रकार के व्यंजन रखे गये थे बच्चो और पालको मे भारी उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य बी.एस. नागेश ने कहा हर वर्ष बच्चो के द्वारा बाल मेला का आयोजन किया जाता है जिसके पीछे मुख्य उद्देश्य रोजगार के संबंध मे शिक्षा देना और इस मेला मे पालक बालक व नगर क्षेत्र के लोग शामिल होते है काफी उत्साहजनक माहौल मे आज बाल मेला संपन्न हुआ उन्होने इसके लिए सभी को बधाई दिये। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिक्षक जावेद मेमन, सरोज सेन, पार्वती नागेश, हैदर मेमन, रामकृष्ण ध्रुव, गणेश बघेल, संतोश पटेल, अखिल चेलक, रामेश्वरी ध्रुव, सुशमा दास, रोली शर्मा, राधारोशन साहू, नेहा जैन, रोली साहू, त्रिवेणी चंदन, सोनी कौशिक, निधी एक्का, राजकुमार उरांव, दिलीप साहू, सन्नीदास, रूपेश यादव एवं बड़ी संख्या मे क्षेत्र व नगर के लोग उपस्थित थे।

# जुपिटर पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल स्पर्धा का शुभारंभ

**फिंगेश्वर ।** नगर में संचालित जुपिटर पब्लिक स्कूल फिंगेश्वर में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ 26 नवम्बर को मुख्य अतिथि विशाल महाराणा, एसडीएम राजिम, विशेष अतिथि गौतम गावड़े थानेदार फिंगेश्वर विशेष, राजू साहू अध्यक्ष फणीकेश्वर नाथ महाविद्यालय की अध्यक्षता एवं जितेंद्र सिन्हा, सोनम बिसेन अध्यक्ष शाला विकास समिति की गरिमामयी उपस्थिति में सरस्वती माता की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों द्वारा हाउस के प्रतिनिधियों के विजेता मशाल जलाकर मसाल रैली के लिए रवाना किये।

■ मुख्य अतिथि और विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया उद्घाटन



इस प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवी तक के विद्यार्थियों को विभिन्न खेलो में भागीदारी करने के लिए चार हॉउस रेड, येलो, ब्लू एवं ग्रीन हॉउस में विभाजित किया गया है। हाउस ग्रुप के नेतृत्व में विजेता मशाल रैली निकाली गई, जो स्कूल से नगर पंचायत भवन एवं दलगंजन स्कूल होते हुए वापस जुपिटर परिसर तक रहा। मुख्य अतिथि विशाल महाराणा द्वारा बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में बताया। राजू साहू ने कहा कि बच्चों की अनुशासन काफी सराहनीय है। 3–4 वर्ष के बच्चे काफी अनुशासित नजर आ रहे है। श्री गावड़े ने कहा कि खेल स्वास्थ्य जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

### *विभिन्न खेलों का हुआ आयोजन*

*कक्षावार विभिन्न खेलो में 100 मी. रेस, कुर्सी रेस, मेंढ़क रेस, बोरी रेस, चम्मच रेस, जलेबी रेस, ऊँची कूद, लंबी कूद, स्लो सायकल रेस, खो–खो, कबड्डी, रिले रेस, सतरंज, लंगड़ी दौड़, बस स्टॉप क्रिकेट, बैडमिंटन जैसे विभिन्न खेलो का आयोजन किया गया। पालक समिति की सदस्य गण पूर्व सदस्य संगीता यदु एवं भूत पूर्व अध्यक्ष उमा यदु, पूर्णिमा पटेल एवं बहुत से पालकों द्वारा बच्चो त्साहित किया गया।*

# नवापारा में श्री दिगंबर जैन मंदिर शताब्दी महोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा

नवापारा में सदर रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर के शताब्दी महोत्सव को बड़े ही उत्साह के साथ पूरी समाज के लोगों के द्वारा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। मंगलवार को प्रातः 8:00 बजे अभिषेक एवं शांति धारा के उपरांत प्रारंभ हुए अखंड भक्तांबर जाप को पूरी समाज ने मिलकर श्री मंदिर जी में आयोजित किया। जिसे हर वर्ग के लोगों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ में निभाया। यह भक्तांबर का अखंड जाप पूरे 24 घंटे निरंतर चला रहा। जैन धर्म में भक्तांबर स्तोत्र की बहुत ही महत्ता बताई गई है।

भक्तांबर स्तोत्र की रचना आचार्य श्री मानतूंगाचार्य जी ने भगवान आदिनाथ की स्तुति करने के लिए की थी। यह आचार्य सातवीं शताब्दी में राजा भोज के काल में हुए। इस स्तोत्र का दूसरा नाम आदिनाथ स्तोत्र भी है। यह संस्कृत में लिखा गया है। इस स्तोत्र में 48 काव्य है। और सभी काव्यो की अपनी अपनी अलग विशेषता है। इसका समापन बुधवार के दिन प्रातः 8:00 बजे किया गया। 24 घंटे अखंड हुए इस जाप के समापन पर स्थानीय विद्वान पंडित ऋषभ चंद जी शास्त्री जी के मंगल सानिध्य में पूरे समाज के द्वारा भक्तांबर मंडल विधान का आयोजन किया गया था। सभी ने पूरी भक्ति भावना के साथ इस विधान में शामिल हो धर्म लाभ लिया। भक्तांबर आराधना पर पंचायत कमेटी सहित, त्रिशला महिला मंडल,ज्ञान ज्योति बहू मंडल,बालिका मंडल तथा बालक मंडल ने बढ़-चढ़कर पूरी रात भक्ति पूर्वक जाप आराधना की। 27 नवंबर 2025 को इस मंदिर के 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। 100 वर्ष पूर्ण होते ही यह मंदिर अपने आप में तीर्थ बन जाएगा। मंदिर के ही पीछे वर्णी भवन के स्थान पर एक नवीन जिनालय का निर्माण पूरी समाज के द्वारा मिलकर कराया गया है। जिसका पंचकल्याणक आचार्य भगवान श्री विशुद्ध सागर जी महामुनिराज के ससंघ सानिध्य में 19 जनवरी 2026 से 26 जनवरी 2026 तक संपन्न होगा। जिसमें नवीन जिनालय हेतु आई हुई मूलनायक श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा। यह प्रतिमा काले पाषाण से, जो की खम्मम पत्थर के नाम से प्रसिद्ध है इसी पाषाण पर बनी है। पूरे छत्तीसगढ़ में यह एक ऐतिहासिक पंचकल्याणक होगा। 27 नवंबर को पूरी समाज के द्वारा श्री जी की शोभायात्रा निकली जावेगी। जिसमें आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के द्वारा समाज एवं देश को प्रदान की गई विभिन्न उपलब्धियां जैसे की गौशाला, हथकरघा, इंडिया ने ही भारत बोलो, बालिकाओं के पढ़ने के लिए गुरुकुल जैसी प्रतिभास्थली का निर्माण, अहिंसा, आदि उपलब्धियां को झांकी के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही 100 वर्ष पूर्ण कर चुके श्री दिगंबर जैन मंदिर तथा नवीन जिनालय में विराजमान होने वाले श्री शांतिनाथ भगवान की छवि को भी प्रदर्शित किया जाएगा। पंचायत कमेटी के संरक्षक रमेश पहाड़िया,अध्यक्ष अखिलेश जैन, उपाध्यक्ष अनिल जैन डब्बू सचिव आशीष चौधरी गोलू, कोषाध्यक्ष आशीष जैन रिंकू , सह सचिव आकाश गंगवाल, सांस्कृतिक सचिव रवि जैन, सांस्कृतिक सह सचिव अंकित चौधरी सहित पंचकल्याण समिति के अध्यक्ष मनोज जैन, किशोर सिंघाई, अभय चौधरी, सुरीत जैन, सतीश जैन, सुनील जैन, राकेश चौधरी जिनेंद्र जैन, विनय सिंघाई, डॉ राजेंद्र गदिया, सहित पूरी समाज ने इन कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दी। इंदौर से राजिम की ओर विहार कर रहे 108 श्री सुयशसागर महाराज जी एवं आराध्यसागर महाराज जी के विहार करने हेतु 2 दिन पहले अनिमेष जैन एवं अजीत चौधरी तथा आज पंकज जैन ने प्रस्थान किया है। गुरुदेव अभी मुक्तगिर महाराष्ट के पास में है।



■ अखंड भक्तांबर जाप, मंडल विधान और आगामी पंचकल्याणक के लिए समाज में उत्साह का माहौल

# नवापारा में हुई श्रमजीवी पत्रकार संघ की संगठनात्मक बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्रमजीवी पत्रकार संघ अभनपुर इकाई की संगठनात्मक बैठक नवापारा के नेहरू गार्डन के पास सामुदायिक भवन में ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण साहू के सम्मान से हुआ। उपस्थित पत्रकारो ने शॉल और बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण साहू ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों से श्रमजीवी पत्रकार संघ से जुड़ने की अपील की और संगठन को मजबूत करने संबंधी कई मुद्दों पर चर्चा की। कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब सभी साथी एकजुट होकर काम करेंगे। बता दें कि श्रमजीवी पत्रकार संघ के गरियाबंद जिला अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा एवं गरियाबंद जिला के महासचिव रमेश चौधरी को बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। दोनो वरिष्ठ पत्रकारो ने कहा कि वर्तमान समय में संगठन की ताकत ही पत्रकारों को हर चुनौती से लड़ने की शक्ति देता है। युवा नेतृत्व मिलने से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी। दोनों वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने अनुभव साझा करते हुए समाज के बीच निष्पक्ष और अच्छी पत्रकारिता करने की बात कही।

**ये रहे उपस्थित**–कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ पत्रकार वेदप्रकाश तिवारी,आलोक पहाड़िया, तुकाराम कंसारी, डॉ. लीलाराम साहू, राजेंद्र ठाकुर, रमेश सोनसायटी, श्रीकांत साहू, युवराज साहू, बिशेषर हिरवानी, नागेंद्र निषाद, खिलेश्वर शर्मा, माखन निषाद सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार उपस्थित रहे।

# विवाह पंचमी पर भजन-कीर्तन और भव्य वैवाहिक रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

कोपरा में विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर धार्मिक उत्साह और भक्ति के वातावरण में भजन–कीर्तन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। स्थानीय हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों व राम भक्तों ने मिलकर इस उत्सव को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।

■ हनुमान मंदिर में सुन्दरकाण्ड, राम भजन एवं महाआरती से गूंजा नगर

सुबह से ही मंदिर परिसर "जय श्री राम" के नारों से गूंज उठा। राम भक्तों ने नारे लगाते हुए रैली निकाली और पूरे नगर का भ्रमण किया। इसके बाद मंदिर में हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड पाठ, राम भजन तथा राम कथा के प्रमुख अंशों पर व्याख्यानकर्ताओं द्वारा सुंदर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएँ, पुरुष, युवा तथा बच्चे शामिल हुए। यह पर्व भगवान राम और माता सीता के पावन विवाह की स्मृति में प्रतिवर्ष बड़े उत्साह से मनाया जाता है। हनुमान मंदिर समिति द्वारा प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन का आयोजन किया जाता है, जिससे नगर के युवा वर्ग में धार्मिक गतिविधियों के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है। समिति का कहना है कि इन आयोजनों से नगर में भक्ति और सद्भाव का वातावरण मजबूत हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में राम–सीता एवं हनुमान जी की भव्य महाआरती संपन्न हुई। इसके पश्चात भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति सदस्य राकेश शर्मा महाराज, मनीष महाराज, सोमकांत साहू, मुन्ना सोनी, प्रेम यादव, विजय साहू सहित बजरंग मानस मंडली के कलाकारों ने मनमोहक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।





# कृषि विवि ने संविधान दिवस पर किया जागरूकता रैली का आयोजन

**फिंगेश्वर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर जिला द में संविधान दिवस के अवसर पर एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया,जिसका उद्देश्य लोगों को संविधान के महत्व,उनके मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना था।

अधिष्ठाता डॉ.गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने नारे लगाते हुए और पोस्टर–बैनर के माध्यम से संविधान की महत्ता को प्रचारित किया।छात्रें ने संविधान हमारा,अधिकार हमारा और समानता,न्याय और बंधुत्व का पालन करें जैसे नारे लगाये गये जिससे लोगों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ी।इस अवसर पर डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा ने कहा कि संविधान हमारे देश की नींव है,जिसमें न्याय,स्वतंत्रता,समानता और बंधुत्व जैसे मूल्यों को अपनाना हमारा कर्तव्य है।

कार्यक्रम में संविधान की उद्देशिका का वाचन,चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें छात्रें ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमेश ठाकुर,अतिथि शिक्षक आदर्श कुमार एवं डॉ. इंद्रपाल सिंह पैकरा द्वारा किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी,कर्मचारी,छात्र एवं छात्रएँ उपस्थित थे, जिन्होंने संविधान के महत्व को समझने और उसे अपने जीवन में अपनाने की शपथ ली।इस कार्यक्रम ने छात्रें और स्थानीय लोगों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## पेज 9 के शेष

### बदलते मौसम के...

भोजराज नागेश, राधे सेन, सुरेन्द्र ठाकुर, कुशल ध्रुव, रिखिदास मानिकपुरी, जैयलाल यादव, रोहित जगत, रवि चन्द्राकार, ने बताया कि बीमारी से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### धान खरीदी...

की कगार पर आ गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर बी एस उइके ने कहा कि शासन ने मार्कफेड के साथ एग्रीमेंट किया था, जिसके तहत युवाओं को धान खरीदी कार्य में लगाया गया। अब वह एग्रीमेंट रद्द कर दिया गया है, इसलिए उन्हें कार्य से पृथक किया गया है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से पृथक होकर कंप्यूटर ऑपरेटर के हड़ताल में चले जाने के बाद इन्हीं युवाओं ने धान खरीदी की जिम्मेदारी बखूबी संभाली।

### 17 दिनों में...

पिकअप नं. सीजी 23 5741 बोलेरो पिकअप नं. सीजी 23 जे 0489 शामिल है। वहीं पिछले 17 दिनों के अभियान के दौरान देवभोग एवं अमलीडीह थाना क्षेत्र में धान के अवैध परिवहन से जुड़े कुल 21 मामलों में कार्रवाई की गई है।

**जिले की सीमाओं पर चल रहा विशेष चेकिंग अभियान**–वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले की सीमाओं में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम लगातार चेक पोस्टों पर तैनात रहकर बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों की निगरानी कर रही है। पुलिस का कहना है कि धान के परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगने पर कोई भी चालक वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके बाद सभी मामलों में धान जप्त कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया जा चुका है।

### कांग्रेस के दिग्गज...

सिंह,नंदकुमार साहू, संजीव गिरी गोस्वामी, श्रीमती रूपा कोसरिया, श्रीमती रेणुका साहू, श्रीमती रानी सिन्हा, श्रीमती रोशनी कौशले, नीलकमल साहू सौरव साहू,हीरालाल साहू दिनेश राव अम्बिलकर, असलम मिर्जा, कमलेश टंडन,रामकृष्ण साहू मनीसेन गहरवारे, महेंद्र सिंह बघेल,अभय गोस्वामी गेंदलाल साहू उत्तम साहू, चोमेश्वर कुर्रे, प्रेमचंद सोनवानी, सोनजीत ध्रुव, प्रकाश चंद साहू,उमेश साहू व अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### शिक्षा मंत्री गजेन्द्र...

किया गया है और तो और मंत्री गजेन्द्र यादव ने तत्काल मैनपुर मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे शिक्षक पदस्थ करने का निर्देश उच्च अधिकारियों को दिया है।

### जर्जर भवन में ...

पढाई कर निकल चुके कई छात्र आज राजनिति के बड़े बड़े पदो पर विद्यमान है और तो और इस स्कूल में पढाई करने वाले दर्जनों विद्यार्थी डॉक्टर्स, इजीनियर्स, और प्रशासनिक सेवा के अनेक पदो में है, तथा राजनीति के क्षेत्र में भी बड़े बड़े मुकाम हासिल किये है, बावजूद इसके इतना महत्वपूर्ण यह विद्यालय समस्याओं के मकड़जाल में जकडा हुआ है, प्रशासन की लगातार उपेक्षा का शिकार इस विद्यालय में न तो प्रर्याप्त शिक्षक है और न ही प्रर्याप्त कमरें , मिली जानकारी के अनुसार इसी विद्यालय परिसर में सन 1990–91 में एक हाईस्कूल भवन का निर्माण किया गया इस भवन मे 06 कमरे है और सभी कमरो की स्थिति बहुत ही खराब हो चली है बारिश में झरने की तरह पानी कमरो के अंदर झरता है, और तो और कमरा पुरी तरह पानी में भर जाता हैं जिसे मरम्मत कर जैसे तैसे कम चलाया जा रहा है, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि नगर सहित क्षेत्र के लोगो ने जर्जर स्कूल भवन के स्थान पर नया स्कूल भवन निर्माण की मांग को पहले पांच करोड रूपये के नया स्कूल भवन निर्माण के लिए स्टीमेंट भेंजा जा चुका है लेकिन अब तक राशि स्वीकृत नही हो पाई।

### जिलेभर के सरपंच...

सामूहिक रूप से इस आंदोलन में उपस्थित रहेंगे। **सरपंचों ने सरकार पर ठोस पहल न करने का लगाया आरोप** –सरपंच संघ का कहना है कि राज्य शासन के कार्यकाल के लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी ग्रामीण विकास से संबंधित कोई ठोस जनहितैषी योजना लागू नहीं की गई है। वहीं 15वें वित्त आयोग की राशि अब तक पंचायतों को प्राप्त न होने से ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सेवाओं तथा विकास कार्यों पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। सरपंचों का आरोप है कि वित्तीय सहायता न मिलने के कारण गांवों में स्वच्छता, पेयजल, सड़क मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सेवाएँ बाधित हो रही हैं। जिला सरपंच संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो आंदोलन को आगे और तीव्र किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### सीजीपीएससी में गौरव का 13वां रेंक, बने उपसंचालक



**छुईहा बेलर।** राज्य लोक सेवा परीक्षा में गौरव साहू का तेरवहा रेंक में सहायक संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास पद पर नियुक्त होने पर साहू परिवार, साहू समाज चरभट्टी, क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। सीजीपीएससी में चयनित गौरव का पैतृक निवास ग्राम चरभट्ठी विख फिंगेश्वर जिला गरियाबंद है। पिता रुपनारायण साहू माता सुमति साहू, दादा स्व लखन लाल साहू स्व दाऊ लाल साहू, दादी सुभद्रा साह, ओंकार साहू ने परिवार सहित मुंह मीठाकर खुशी जाहिर की।

### सीजीपीएससी में हर्षवर्धन ने पाया 34 वां रैंक



**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर क्षेत्र के बासीन गांव के युवा हर्षवर्धन शर्मा ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) परीक्षा,में 34वीं रैंक प्राप्त कर उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) पद हासिल किया है। इस अवसर पर अंचल के विधायक रोहित साहू सहित नगर के गणमान्य लोगो ने हर्श को बधाई दी है। कहते प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती। वहीं पर कड़ी मेहनत पक्का इरादा भी मंजिल की सीढ़ी बनती है। इसी कड़ी मे ग्राम बासीन निवासी हर्शवर्धन शर्मा ने सीजीपीएससी परीक्षा मे 34 वां रैंक हासिल कर उपपुलिस अधीक्षक पद हासिल कर पूरे अंचल को गौरान्वित किया है। इस सफलता को लेकर हर्श ने बताया कि माता पिता का आशीर्वाद और लगन के साथ पढ़ाई के पीछे लगे रहे जिसका प्रतिफल है कि आज वे सफल होने मे कामयाब हुए हैं।

### धर्मेन्द्र के निधन पर लोक कलाकार संघ और रेडियो श्रोता संघ ने दी श्रद्धांजलि

**फिंगेश्वर।** भारतीय फिल्म जगत के सुपर स्टार धर्मेन्द्र के अवसान पर



लोक कलाकार संघ जिला गरियाबंद धमतरी के लोक कलाकार एवं मां घटारानी रेडियो श्रोता संघ के श्रोताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सिनेमा जगत के लिए धमेन्द्र एक सितारा रहे हैं। उन्हे सभी ही मेन के नाम से जानते थे।वे पंजाब से मुंबई आकर फिल्मों के लिए कड़ी मेहनत कर अपने आप को जहां खड़ा किया वहीं पर शोहरत एवं दौलत भी उनको मिला।दो पत्नियो के बीच उन्होंने घरेलू जिम्मेदारी बखूबी निभाई। श्रद्धांजलि देने वाले कलाकारों में डा दीनदयाल साहू भिलाई केन्द्रीय प्रतिनिधि, डा ईश्वर तारक, ललिता यादव रायपुर केन्द्रीय संरक्षक, पूर्व करारोपण अधिकारी डा नूतन लाल साहू, संस्करण मानिकपुरी, केन्द्रीय प्रतिनिधि खेमबाई निषाद, गैंद लाल मिश्रा आदि शामिल है।

### शांत्रीबाई महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता व व्याख्यान का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में छग चंद्रनाहूं शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चन्द्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, संचालक सदस्य योगेश चंद्राकर, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती व भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा भाषण व व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। संविधान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने कहा कि हमारा संविधान प्रत्येक व्यक्ति को बराबरी का दर्जा देना है।

# संस्कृति व परंपराओं के प्रति सरकार की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है ये यात्रा : जपं अध्यक्ष

## रामलला के दर्शन के लिए राजिम से निकली श्रद्धालुओं का जत्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

छग शासन की महत्वपूर्ण रामलला तीर्थ दर्शन योजना के तहत राजिम क्षेत्र के श्रद्धालुओं को जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू , राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम और बनारस धाम के लिए जत्थे को रवाना किया।

यह योजना उन श्रद्धालुओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जिनकी धार्मिक यात्रा की इच्छा आर्थिक या अन्य कारणों से पूरी नहीं हो पा रही थी। खास बात यह रहा कि जाते वक्त इन तीर्थयात्रियों के चेहरे पर अपने आराध्य के दर्शन की उत्सुकता और खुशी साफ झलक रही थी, जिससे पूरा वातावरण ऊर्जा और आस्था से भरा हुआ नजर आया। इस बीच जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने कहा कि यह योजना केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रति हमारी सरकार की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि समाज के हर वर्ग को अपनी धार्मिक भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर मिले। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि यह देखकर अपार संतोष होता है कि हमारे वरिष्ठजन इस योजना का लाभ लेकर अपने जीवन के सबसे बड़े सपनों में से एक को पूरा कर रहे हैं। हमारी सरकार वरिष्ठजनों की मंशा को पूरा कर रही है। जनपद अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी यात्रियों को मंगलमय और सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं और भरोसा दिलाया कि सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।



### तीर्थयात्रियों ने पीएम,सीएम का जताया आभार

रवाना होने के पहले तीर्थयात्रियों ने भावुक होकर कहा, कि इस उम्र में, अकेले यात्रा करना हमारे लिए लगभग असंभव था, लेकिन सरकारी योजना ने हमें मुफ्त में यह सुअवसर दिया। आज हम जो खुशी महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया। इस यात्रा में प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं की चाक-चौबंद तैयारी की है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हों।

## प्रशिक्षण : अपराध अन्वेषण और फॉरेंसिक विज्ञान की दी गई गहन जानकारी

# आईएसबीएम विवि के फॉरेंसिक छात्रों को गरियाबंद अपराध शाखा में विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के फॉरेंसिक विज्ञान विभाग द्वारा आज अपराध शाखा, गरियाबंद में विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक अध्ययन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से माननीय कुलपति महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करने के साथ हुई।

- विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक कौशल और राष्ट्रीय अपराध अभिलेख प्रणाली का प्रशिक्षण

इस अवसर पर रजिस्ट्रार महोदय, डीन (अकादमिक) महोदय, छात्र कल्याण अधिष्ठाता महोदय, डीन साइंसेज महोदय, विभागाध्यक्ष (साइंसेज) मैडम एवं कार्यक्रम संयोजक महोदय की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी प्राधिकारियों ने विद्यार्थियों को इस प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएँ दीं और व्यावहारिक कौशल सीखने के लिए प्रेरित किया।अपराध शाखा में कार्यक्रम का स्वागत थाना प्रभारी श्री पवन वर्मा द्वारा किया गया। तत्पश्चात फॉरेंसिक वैज्ञानिक डॉ. लौकेश सिंह (संयुक्त जिला – गरियाबंद एवं महासमुंद) ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में अपराध शाखा की कार्यप्रणाली, केस अध्ययन, अपराध विश्लेषण और मासिक अपराध रिपोर्ट प्रणाली का परिचय कराया गया।




### विद्यार्थियों को दिया गया प्रायोगिक प्रशिक्षण

विद्यार्थियों को प्राथमिकी पंजीकरण प्रक्रिया, दस्तावेज़ी अभिलेख, केस डायरी प्रबंधन, अपराधी रिकॉर्डिंग तथा राष्ट्रीय अपराध अभिलेख प्रणाली का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराया गया। अधिकारियों ने अपराध अभिलेखों को ऑनलाइन अपडेट करने और सत्यापित करने की प्रक्रिया भी समझाई। प्रशिक्षण सत्र में अपराध स्थल प्रबंधन, साक्ष्य संकलन, खोज तकनीक, साइबर अपराध प्रक्रिया, केस संचालन एवं फॉरेंसिक दस्तावेजीकरण का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही फॉरेंसिक विज्ञान की प्रमुख शाखाओं—बैलिस्टिक्स, जीवविज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, सीरोलॉजी, साइबर अपराध और डेटा फॉरेंसिक—से संबंधित तकनीकी जानकारी भी प्रस्तुत की गई।

### विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा प्रशिक्षण सत्र

प्रशिक्षण के दौरान प्रश्नोत्तर और संवादात्मक सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अधिकारियों का सम्मान, धन्यवाद ज्ञापन एवं समूह छायाचित्र लिया गया। यह प्रशिक्षण सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा। इससे उन्हें अपराध अन्वेषण, अपराध अभिलेख प्रबंधन, साइबर अपराध नियंत्रण, फॉरेंसिक दस्तावेज़ीकरण एवं राष्ट्रीय अपराध अभिलेख प्रणाली की वास्तविक कार्यप्रणाली की गहन समझ प्राप्त हुई। आईएसबीएम विश्वविद्यालय परिवार माननीय कुलपति महोदय, रजिस्ट्रार महोदय, डीन (अकादमिक) महोदय, छात्र कल्याण अधिष्ठाता महोदय, डीन साइंसेज महोदय, विभागाध्यक्ष (साइंसेज) मैडम एवं कार्यक्रम संयोजक महोदय के मार्गदर्शन और फॉरेंसिक विज्ञान विभाग के संकाय एवं स्टाफ के सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

# परसदाकला में मितानिन दिवस पर समारोह, सरपंच ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत भवन परसदाकला में मितानिन दिवस पर मुख्य अतिथि सरपंच गणेश साहू उपसरपंच पिलेश्वरी साहू ने सभी मितानिन, ग्राम पंचायत में कार्यरत आं ग न वा ड़ी कार्यकर्ता सहायिका को सम्मान करने के उद्देश्य से सम्मान समारोह आयोजित किया गया।श्रीफल व साड़ी भेंट कर सम्मानित किया।

- मितानिनों के सेवा भाव की सराहना, स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यों में योगदान की प्रशंसा
- ग्राम पंचायत भवन में हुआ भव्य आयोजन, उपस्थित रहे सभी पंचायत सदस्य और ग्रामवासी

सरपंच गणेशाराम साहू ने मितानिनों के सेवा भाव से किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया कि मितानिनों ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सहित अन्य सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए पूरे क्षेत्र वासियों के सामने मिसाल कायम की है।उनके अच्छे कार्य के लिए हमेशा प्रेरित किया है, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में मितानिनों की भूमिका अहम है जो सभी कड़ी को जोड़ कर रखती है। इस मौके पर मितानिन दीदी और सहित आंगनबाड़ी का य र्क त र्ा सहायिका बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ग्राम पंचायत परसदाकला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन सम्मेलन मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच गणेश साहू, उपसरपंच पीलेश्वरी साहू, सचिव यशवंत निषाद, पंच नीलकंठ साहू, डोमन निषाद, एवं समस्त पंचगण, ग्रामवासित थे।

# 28 को गांधी मैदान में आंदोलन करेगा जिला सरपंच संघ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा





जिला सरपंच संघ के नेतृत्व में 15वीं वित्त आयोग की राशि एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी लंबित मांगों में तेजी लाने हेतु 28 नवंबर को जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में बड़े आंदोलन की तैयारी की जा रही है। इस आंदोलन में सरपंच संघ के जिला पदाधिकारियों में पन्ना लाल ध्रुव छुरा, पवन यादव देवभोग, कमल नेताम गरियाबंद, हलमन धुर्वा मैनपुर तथा हरीश साहू फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष)एवं जिलेभर के सभी सरपंच सामूहिक रूप से भाग लेंगे।सरपंच संघ का कहना है कि राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल बीतने के बाद भी ग्रामीण विकास के लिए कोई ठोस जनहितैषी योजना नहीं लाई गई है। वहीं 15वीं वित्त की राशि अभी तक पंचायतों एवं नगर निकायों को प्राप्त न होने के कारण ग्राम व नगर स्तर पर मूलभूत सेवाओं व विकास कार्यों में गंभीर बाधाएँ उत्पन्न हो रही हैं। त्रि-स्तरीय पंचायती राज एवं नगर पंचायतों का गठन हुए 10 महीने से अधिक हो चुका है, लेकिन अब तक एक भी रुपया जारी न होने से जनप्रतिनिधियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इन्हीं मांगों को लेकर सरपंच संघ ने 28 नवंबर को सुबह 11 बजे गांधी मैदान में एकत्र होकर शांतिपूर्ण तरीके से रैली निकालते हुए कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत के सभी सदस्यों, सभापति,अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं जिले के सभी नगर पंचायत अध्यक्ष,पार्षदों, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। सरपंच संघ ने जिले के आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस जनहित के कार्यक्रम को सफल बनाये।

# परसदा के अमृतसर सरोवर में मना संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

बुधवार को परसदा के अमृत सरोवर में संविधान दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच रमेश वर्मा ,मनरेगा मेट टीकू यादव ,सचिव रामचंद्र तारक ,रोजगार सहायिका माधुरी साहू ,योगेश यादव एवं स्कूल के बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ में सबसे पहले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर किया गया। इस अवसर पर संविधान के बारे में टीकू यादव ने कहा कि 26 नवंबर सन 1949 को भारत का संविधान अंगीकृत हुआ था अतएव संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

संविधान बनने पर हमारे कर्तव्यों का एवं मौलिक अधिकारों का हमें बोध हुआ। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी है। संविधान को लिखने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे थे। भारतीय संविधान सन 1949 को मूल रूप में आया। जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। कार्यक्रम में मौजूद टीकू यादव महिला समूह के सदस्य एवं ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के मेट हरिश्चंद्र साहू ,मोहन साहू ,तेजराम साहू ,मणिलाल साहू ,ओमकार यादव ,पप्पू साहू ,जानवी यादव ,तनुप्रिया यादव ,गिरजा यादव मौजूद थे जिन्होने अमृत सरोवर तालाब की सफाई कर पेड़ पौधों की सुरक्षा व्यवस्था किया।




# नवापारा में एसआईआर को लेकर विजय गोयल ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

शहर के ऋषि दास वैष्णव भवन में बुधवार को रायपुर जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष, पूर्व पालिका अध्यक्ष व एस आई आर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के नवापारा मंडल प्रभारी विजय गोयल ने एस आई आर विषय को लेकर मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा के साथ ग्रामीण अंचल के बूथ अध्यक्ष, स्थानीय नगर पालिका परिषद के पार्षद व पूर्व पार्षदो के साथ बैठक आयोजित की और उनसे एस आई आर के विषय में जानकारी जुटाई। बैठक में एसआईआर अभियान में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए अभनपुर एसडीएम रवि सिंह, तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर,आर आई मायाराम भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

- एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य जिम्मेदार रहे उपस्थित

बैठक में सर्वप्रथम मण्डल प्रभारी विजय गोयल ने उपस्थितजनों से एस आई आर विषय को लेकर जानकारी जुटाई, तत्पश्चात एस आई आर से आ रही समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान करने की अपील की। जिस पर एसडीएम रवि सिंह ने सभी की बातों को सुनकर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में आ रही परेशानियों का तत्काल समाधान किया। एस आई आर कार्यक्रम के मंडल प्रभारी से गोयल ने इस कार्य में लगे सभी प्रशासनिक अधिकारियों सहित, बीएलओ, जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। कहा कि रायपुर जिला ग्रामीण अंतर्गत अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता पुनरीक्षण कार्य का प्रतिशत सबसे अच्छा है। यह प्रतिशत बताता है कि इस विधानसभा के प्रशासनिक अधिकारी, बीएलओ सहित जनप्रतिनिधिगण पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं. उन्होंने उम्मीद जताया कि अभनपुर विधानसभा वास्तविक मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में आना चाहिए उनका 95 प्रतिशत जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। कहा कि सभी जिम्मेदार पूरी तरह से प्रयासरत हैं कि किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम एस आई आर मतदाता सूची से ना हटे।



## कुम्भकार समाज के कुराल पुजा मे शामिल होने पहुंचे विधायक जनक ध्रुव

# कुम्भकार समाज ने धूमधाम से आयोजित की अष्टचक्र कुराल पंचमी पूजा-व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम नदीपारा में कुम्भकार समाज द्वारा अष्टचक्र कुराल पंचमी पूजा व कथा का आयोजन पिछले 4 दिनों से धूमधाम के साथ किया गया जिसमें पूरे समाज के लोग शामिल हुए और गांव का माहौल धार्मिकमय रहा चार दिनों तक समाज द्वारा विशेष पूजा अर्चना के साथ कथा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुम्भकार समाज सहित क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यक्रम मे शामिल होने बिद्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका आत्मीयता के साथ स्वागत किया इस दौरान जनक ध्रुव ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र मे सुख शांति समृध्दि की कामना किया कार्यक्रम मे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, डोमार साहू, रोशन राठौर, मैनपुर की सरपंच हनीता नायक, पूर्व सरपंच सरिता ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने कुम्हार समाज के लोगो को संबोधित करते हुए कहा अपनी परंपरा संस्कृति अनुसार कुराल पुजा का आयोजन किया जाता है। निश्चित रूप से इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों से समाज व क्षेत्र मे एकता भाईचारा खुशहाली बनी रहती है उन्होने समाज के द्वारा जो समस्या बताई गई है उसे अधिकारियों से चर्चा कर समस्या समाधान करने की बात कही है।



***ये रहे उपस्थित****-इस मौके पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष जोगिनी बाई, उदेराम पांडे, डिलेश्वरी पांड़े, जामंती बाई, मंगल पांड़े, लोचन चक्रधारी, चोरंतो पांड़े, सुहागा बाई, रिपुसुदन पांड़े, बेनूराम पांड़े, बालोबाई, पुरूशोत्तम पांड़े, कुन्तलो, चंदन पांड़े, गजेन्द्र पांड़े, दिलवर पांड़े, परमेश्वर, फागूराम पांड़े एवं बड़ी संख्या में पूरे समाज के लोग उपस्थित थे। आज अंतिम दिन बुधवार को दोपहर में विशेष पूजा अर्चना कर मूर्ति विसर्जन के लिए शोभा यात्र निकाली गई और मैनपुर नया तालाब मे पहुंच कर देर शाम विशेष पूजा अर्चना के साथ मूर्ति का विसर्जन किया गया इस तरह कुम्भकार समाज अष्टचक्र कुराल पूजा धूमधाम के साथ मनाई गई।*

